भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 745
26 जून, 2019 को उत्तर देने के लिए

सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि

745. श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:
डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था 18 तिमाहियों में सबसे धीमी गति पर है जो पांच वर्षों में सबसे कम है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर केन्द्र सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) जनवरी-मार्च, 2019 की तिमाही के दौरान दर्ज किए गए जीडीपी में वृद्धि का प्रतिशत का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) और (ख): वार्षिक राष्ट्रीय आय 2018-19 के अनंतिम अनुमानों तथा 2018-19 के सकल घरेलू उत्पाद के चौथी तिमाही के त्रैमासिक अनुमानों पर प्रेस नोट के अनुसार, वर्ष 2018-19 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत थी । यह वृद्धि दर पिछली 18 तिमाहियों में सबसे कम थी, और ऐसा मुख्यतः कृषि, वानिकी और मत्स्यन तथा विनिर्माण उद्योग जैसे क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम वृद्धि के कारण रहा।

(ग): चौथी तिमाही जनवरी-मार्च 2019 (Q4) की वृद्धि का विवरण नीचे दिया गया है :

स्थिर (2011-12) मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन की वृद्धि दरें (प्रतिशत में)	
उद्योग	चौथी तिमाही: 2018-19
कृषि, वानिकी और मत्स्यन	-0.1
खनन और उत्खनन	4.2
विनिर्माण	3.1
बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं	4.3
निर्माण	7.1
व्यापार, होटल, परिवहन और संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं	6.0
वित्तीय, स्थावर सम्पदा और व्यावसायिक सेवाएं	9.5
लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं	10.7
बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन	5.7
सकल देशीय उत्पाद	5.8

*****